भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-433
बुधवार, 20 नवम्बर, 2019/29 कार्तिक, 1941 (शक)

## बेरोजगार व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन

433. डा॰ किरोड़ी लाल मीणाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत चार वर्षों के दौरान सरकार द्वारा सृजित रोजगार के अवसरों की वर्ष-वार और क्षेत्र-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) विगत चार वर्षों में देश में बेरोजगार लोगों की संख्या कितनी है और क्या यह वर्ष-दर-वर्ष बढ़ती जा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ङ): सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। इन योजनाओं/कार्यक्रमों के माध्यम से सृजित रोजगार के ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैः

| बेरोजगारी दर | |
|---|---|
| **सर्वेक्षण*** | **अखिल भारत** |
| **2017-18 (पीएलएफएस)** | **6.0%** |
| **2015-16 (श्रम ब्यूरो)** | **3.7%** |
| **2013-14 (श्रम ब्यूरो)** | **3.4%** |
| **2012-13 (श्रम ब्यूरो)** | **4.0%** |

(टिप्पणीः *पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

सरकार ने स्व-रोजगार को सुकर बनाने के लिए, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आरंभ की है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का गैर-जमानती ऋण प्रदान किया जाता है। 20 अक्तूबर, 2019 तक इस योजना के तहत 20.84 करोड़ ऋण की संस्वीकृति दी गई थी।

प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की फ्लैगशिप योजना है। इस कौशल प्रमाणीकरण योजना का उद्देश्य बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को उद्योग-संगत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करवाना है, जो बेहतर आजीविका प्राप्त करने में उनकी सहायता करेगा।

इन पहलों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, जीर्णोद्धार एवं शहरी रूपांतरण हेतु अटल मिशन, सभी के लिए आवास, अवसंरचना विकास तथा औद्योगिक गलियारे जैसे सरकार के फ्लैगशीप कार्यक्रमों में उत्पादक रोजगार के अवसर सृजित करने की संभावना है। युवाओं की नियोजनीयता में सुधार करने तथा नियोजन की सुविधा भी प्रदान करने के लिए मंत्रालय/विभाग/राज्य विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाएं चलाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) जैसी योजनाएं, जिनमें सरकार शिक्षुओं को देय वृत्तिका के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करती है, भी रोजगार प्राप्त करवाने हेतु युवाओं की नियोजनीयता को बढ़ाती हैं।

सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है।

रोजगार सृजन करने के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) आरंभ की गई थी। इस योजना के तहत, भारत सरकार, ईपीएफओ के माध्यम से नए कर्मचारियों हेतु ईपीएफ एवं ईपीएस दोनों के लिए (समय-समय पर यथा-स्वीकार्य) 3 वर्षों हेतु नियोक्ता के संपूर्ण अंशदान अर्थात् 12% का भुगतान कर रही है। 31 मार्च, 2019 तक पंजीकृत लाभार्थी इस योजना के तहत पंजीकरण की तिथि से तीन सालों तक लाभ प्राप्त करेंगे। 21 अक्तूबर, 2019 तक 1.22 करोड़ लाभार्थियों को 1.52 लाख प्रतिष्ठानों के माध्यम से लाभ प्रदान किया गया है।

अनुबंध-I

बेरोजगार व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन से संबंधित पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 20.11.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 433 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

I. प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार | अनुमानित सृजित रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 01-04-2019 to 31-10-19 |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 293 | 1398 | 1744 | 1832 | 216 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7740 | 14148 | 12216 | 17760 | 8200 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 104 | 1984 | 1672 | 2240 | 896 |
| 4 | असम | 9026 | 31498 | 18256 | 29896 | 7216 |
| 5 | बिहार | 19624 | 25872 | 18456 | 26424 | 6224 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 323 | 376 | 360 | 224 | 72 |
| 7 | दिल्ली | 9496 | 12856 | 11704 | 24752 | 8432 |
| 8 | गोवा | 2048 | 952 | 920 | 1056 | 368 |
| 9 | गुजरात* | 500 | 660 | 400 | 624 | 312 |
| 10 | हरियाणा | 14960 | 11629 | 15008 | 28000 | 19032 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 7232 | 11016 | 13744 | 17320 | 6752 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 5134 | 6916 | 7088 | 11192 | 5456 |
| 13 | झारखंड | 12115 | 11691 | 30024 | 60232 | 17488 |
| 14 | कर्नाटक | 12873 | 10400 | 8888 | 14376 | 3856 |
| 15 | केरल | 17284 | 30286 | 16920 | 29256 | 13800 |
| 16 | लक्षद्वीप | 9653 | 13068 | 10776 | 19888 | 8064 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | महाराष्ट्र ** | 16497 | 15520 | 14432 | 20208 | 5552 |
| 19 | मणिपुर | 20161 | 17799 | 26632 | 45136 | 16992 |
| 20 | मेघालय | 2715 | 8419 | 4800 | 10328 | 2680 |
| 21 | मिजोरम | 4824 | 2632 | 600 | 3120 | 1072 |
| 22 | नागालैंड | 9072 | 3400 | 1992 | 8984 | 2144 |
| 23 | ओडिशा | 4998 | 7783 | 7440 | 9664 | 1992 |
| 24 | पुडुचेरी | 17629 | 20392 | 19192 | 24560 | 6688 |
| 25 | पंजाब | 447 | 699 | 352 | 608 | 264 |
| 26 | राजस्थान | 7762 | 9858 | 12160 | 14408 | 6488 |
| 27 | सिक्किम | 14537 | 13408 | 12614 | 18872 | 8632 |
| 28 | तमिलनाडु | 397 | 201 | 296 | 440 | 256 |
| 29 | तेलंगाना | 20836 | 25764 | 32760 | 41480 | 17192 |
| 30 | त्रिपुरा | 7761 | 6445 | 9520 | 16408 | 7776 |
| 31 | यूटी चंडीगढ़ | 5355 | 17961 | 8928 | 9432 | 1712 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 43059 | 36315 | 43456 | 41944 | 12656 |
| 33 | उत्तराखंड | 6161 | 9890 | 12904 | 17448 | 5136 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 12746 | 26604 | 10928 | 19304 | 8224 |
| | कुल | 323362 | 407840 | 387182 | 587416 | 211840 |

* दमन एवं दीव सहित

** दादर एवं नगर हवेली सहित

स्रोतः सूक्ष्म, लघू एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

#31.03.2019 तक

**II.** डीडीयू-जीकेवाई के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वास्तविक उपलब्धि

| क्र.सं. | राज्य | वि.व. 15-16 | | वि.व. 16-17 | | वि.व. 17-18 | | वि.व. 18-19 | | 04.11.'19 (एमपीआर) को वि.व. 19-20 अक्तू., 2019 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रशिक्षत | नियोजित | प्रशिक्षत | नियोजित | प्रशिक्षत | नियोजित | प्रशिक्षत | नियोजित | प्रशिक्षत | नियोजित |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4013 | 1989 | 12787 | 18966 | 17341 | 10954 | 26278 | 24841 | 6506 | 4984 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 4258 | 3022 | 8202 | 1479 | 9936 | 3464 | 16752 | 7397 | 5913 | 10470 |
| 4 | बिहार | 7722 | 3685 | 8608 | 4216 | 6972 | 4859 | 10720 | 5851 | 4850 | 3166 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 8434 | 4463 | 7355 | 1987 | 3111 | 539 | 6939 | 2583 | 4402 | 3016 |
| 6 | गुजरात | 7892 | 5083 | 2254 | 2075 | 528 | 160 | 5131 | 1486 | 1532 | 1666 |
| 7 | हरियाणा | 13409 | 8807 | 10512 | 586 | 2281 | 5832 | 1734 | 3919 | 1380 | 4557 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 350 | 0 | 2818 | 576 | 1023 | 480 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 18609 | 16524 | 7300 | 6453 | 1137 | 1424 | 4283 | 631 | 4426 | 881 |
| 10 | झारखंड | 6939 | 1314 | 8360 | 2355 | 5526 | 2375 | 8947 | 3421 | 5132 | 5063 |
| 11 | कर्नाटक | 10926 | 5443 | 10909 | 4432 | 8871 | 4752 | 7426 | 5411 | 2497 | 3509 |
| 12 | केरल | 4738 | 2446 | 11246 | 5598 | 10587 | 4175 | 13736 | 9656 | 6127 | 5076 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 13089 | 3954 | 10974 | 3546 | 5353 | 1823 | 9339 | 2098 | 5238 | 1587 |
| 14 | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 4140 | 3694 | 7082 | 7390 | 18483 | 4500 | 6892 | 5750 |
| 15 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 574 | 0 | 419 | 247 |
| 16 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 829 | 253 | 563 | 375 |
| 17 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 157 | 0 | 304 | 127 |
| 18 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 304 | 0 | 699 | 349 |
| 19 | ओडिशा | 23070 | 18001 | 32108 | 45726 | 23520 | 14035 | 41638 | 31481 | 24741 | 22318 |
| 20 | पंजाब | 0 | 0 | 0 | 0 | 4987 | 563 | 2782 | 1443 | 1132 | 679 |
| 21 | राजस्थान | 23143 | 12844 | 3837 | 3397 | 2599 | 693 | 10226 | 3381 | 8383 | 4001 |
| 22 | सिक्किम | 304 | 205 | 0 | 70 | 0 | 0 | 64 | 64 | 213 | 16 |
| 23 | तमिलनाडु | 20449 | 9375 | 113 | 30780 | 519 | 765 | 3152 | 185 | 5252 | 1756 |
| 24 | तेलंगाना | 3554 | 1830 | 8969 | 9150 | 12470 | 9048 | 16588 | 15604 | 4023 | 5124 |
| 25 | त्रिपुरा | 305 | 75 | 1197 | 342 | 1530 | 526 | 1816 | 2093 | 697 | 287 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 63209 | 8552 | 11203 | 2052 | 4795 | 892 | 17945 | 4839 | 12708 | 4064 |
| 27 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1144 | 253 | 741 | 278 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2408 | 1900 | 2512 | 979 | 2032 | 1518 | 8625 | 3700 | 3109 | 2004 |
| | योग | **236471** | **109512** | **162586** | **147883** | **131527** | **75787** | **238430** | **135666** | **118902** | **91830** |

**स्रोतः ग्रमीण विकास मंत्रालय**

**III.** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीए) के तहत राज्य/संघ क्षेत्र-वार सृजित रोजगार

| क्र.सं. | राज्य | मानवदिवस (लाख में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20*** |
| **1** | | 1992.10 | 2058.78 | 2120.92 | 2465.33 | 1531.48 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 50.46 | 85.38 | 42.80 | 68.70 | 31.40 |
| 3 | असम | 486.33 | 466.09 | 480.86 | 533.31 | 336.78 |
| 4 | बिहार | 670.92 | 858.36 | 817.20 | 1233.99 | 753.53 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1013.96 | 885.94 | 1199.29 | 1386.04 | 709.15 |
| 6 | गोवा | 1.07 | 1.26 | 0.99 | 0.15 | 0.02 |
| 7 | गुजरात | 225.41 | 271.06 | 353.09 | 419.61 | 214.50 |
| 8 | हरियाणा | 48.48 | 84.92 | 90.37 | 77.90 | 42.03 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 177.71 | 236.61 | 220.06 | 285.20 | 144.85 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 316.32 | 315.59 | 370.90 | 369.29 | 61.87 |
| 11 | झारखंड | 585.61 | 707.44 | 592.74 | 536.65 | 410.71 |
| 12 | कर्नाटक | 598.38 | 914.06 | 856.99 | 1045.16 | 760.89 |
| 13 | केरल | 741.74 | 684.62 | 619.59 | 975.26 | 398.14 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 1237.42 | 1130.39 | 1622.46 | 2029.80 | 1150.16 |
| 15 | महाराष्ट्र | 763.30 | 708.94 | 825.32 | 846.01 | 380.50 |
| 16 | मणिपुर | 75.33 | 119.03 | 61.25 | 117.39 | 145.35 |
| 17 | मेघालय | 199.71 | 282.54 | 291.88 | 342.15 | 131.96 |
| 18 | मिजोरम | 131.26 | 168.23 | 144.38 | 181.22 | 126.07 |
| 19 | नागालैंड | 212.07 | 290.71 | 200.03 | 132.85 | 57.47 |
| 20 | ओडिशा | 894.46 | 774.48 | 922.11 | 830.69 | 486.36 |
| 21 | पंजाब | 144.34 | 157.73 | 223.11 | 204.47 | 138.90 |
| 22 | राजस्थान | 2341.25 | 2596.74 | 2397.74 | 2942.46 | 2277.43 |
| 23 | सिक्किम | 43.84 | 46.12 | 34.61 | 33.55 | 14.86 |
| 24 | तमिलनाडु | 3686.75 | 3999.42 | 2388.81 | 2576.97 | 1808.54 |
| 25 | तेलंगाना | 1417.76 | 1082.19 | 1147.73 | 1176.81 | 863.18 |
| 26 | त्रिपुरा | 538.75 | 460.67 | 176.04 | 253.09 | 217.96 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 1822.22 | 1575.01 | 1815.15 | 2121.98 | 1351.89 |
| 28 | उत्तराखंड | 223.87 | 236.71 | 223.02 | 221.82 | 91.53 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 2864.97 | 2355.51 | 3125.55 | 3383.11 | 791.80 |
| 30 | अण्डमान और निकोबार | 2.68 | 4.12 | 1.90 | 1.94 | 1.07 |
| 31 | लक्षद्वीप | 0.03 | 0.00 | 0.06 | 0.10 | 0.01 |
| 32 | पुडुचेरी | 5.62 | 5.37 | 7.26 | 6.64 | 5.66 |
| | योग | **23514.13** | **23564.07** | **23374.24** | **26799.66** | **15436.06** |

* 04.11.2019 को

स्रोतः ग्रामीण विकास मंत्रालय

**IV.** डीएवाई-एनयूएलएम के तहत 2014-2015 से 2018-19 तक (ईएसटीएंडपी) के अंतर्गत नियोजित कौशल प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की वर्ष वार, राज्य वार संख्या

**31.10.2019** को

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | नियोजित कौशल प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **वि.व. 2015-16** | **वि.व. 2016-17** | **वि.व. 2017-18** | **वि.व. 2018-19** | **संचयी** |
| **1** | आंध्र प्रदेश | **3116** | **35882** | **12010** | **54610** | **105618** |
| **2** | अरुणाचल प्रदेश | **0** | **0** | **113** | **622** | **735** |
| **3** | असम | **0** | **293** | **1284** | **443** | **2020** |
| **4** | बिहार | **90** | **176** | **1546** | **627** | **2439** |
| **5** | छत्तीसगढ़ | **3513** | **5858** | **6476** | **5121** | **20968** |
| **6** | गोवा | **0** | **66** | **639** | **1255** | **1960** |
| **7** | गुजरात | **226** | **3920** | **6388** | **12983** | **23517** |
| **8** | हरियाणा | **0** | **0** | **685** | **2510** | **3195** |
| **9** | हिमाचल प्रदेश | **196** | **86** | **100** | **402** | **784** |
| **10** | जम्मू और कश्मीर | **254** | **0** | **25** | **115** | **394** |
| **11** | झारखंड | **0** | **2700** | **20795** | **5921** | **29416** |
| **12** | कर्नाटक | **3527** | **637** | **898** | **0** | **5062** |
| **13** | केरल | **0** | **443** | **2413** | **4422** | **7278** |
| **14** | मध्य प्रदेश | **4307** | **38060** | **3039** | **32096** | **77502** |
| **15** | महाराष्ट्र | **0** | **11768** | **6083** | **22272** | **40123** |
| **16** | मणिपुर | **6** | **0** | **0** | **100** | **106** |
| **17** | मेघालय | **0** | **317** | **111** | **26** | **454** |
| **18** | मिजोरम | **0** | **147** | **91** | **1424** | **1662** |
| **19** | नागालैंड | **691** | **341** | **1749** | **0** | **2781** |
| **20** | ओडिशा | **0** | **2467** | **776** | **0** | **3243** |
| **21** | पंजाब | **0** | **0** | **1139** | **1400** | **2539** |
| **22** | राजस्थान | **0** | **0** | **33** | **2730** | **2763** |
| **23** | सिक्किम | **0** | **0** | **0** | **248** | **248** |
| **24** | तमिलनाडु | **6262** | **0** | **1156** | **2834** | **10252** |
| **25** | तेलंगाना | **3718** | **1861** | **10013** | **5031** | **20623** |
| **26** | त्रिपुरा | **0** | **0** | **2** | **229** | **231** |
| **27** | उत्तर प्रदेश | **0** | **42174** | **30058** | **373** | **72605** |
| **28** | उत्तराखंड | **0** | **1731** | **0** | **1084** | **2815** |
| **29** | पश्चिम बंगाल | **6322** | **2691** | **6919** | **8745** | **24677** |
| **30** | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| **31** | चंडीगढ़ | **1436** | **283** | **875** | **0** | **2594** |
| **32** | दादर एवं नगर हवेली | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| **33** | दमन और दीव | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| **34** | दिल्ली | **0** | **0** | **0** | **21** | **21** |
| **35** | पुडुचेरी | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| | योग | **33664** | **151901** | **115416** | **167644** | **468625** |

स्रोतः आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय